समाचार

# निगम के 06 वार्डो में पौने 04 करोड़ रू. के विकास कार्यो की मिली सौगात

## (विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत एवं राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया विकास कार्यो का लोकार्पण भूमिपूजन)




कोरबा 13 नवम्बर 2019 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा टी.पी.नगर एवं बालको जोन के विभिन्न वार्डो को पौने 04 करोड़ रूपये के विकास कार्यो की सौगात दी गई। मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत एवं राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने इन सभी विकास कार्यो का लोकार्पण किया, उन्होने नवनिर्मित कार्यो का फीता काटकर जनसेवा में समर्पित किया, वहीं नए किए जाने वाले विकास कार्यो हेतु शिलान्यास पट्टिका का अनावरण एवं भूमिपूजन किया।

निगम के टी.पी.नगर जोनांतर्गत वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस मैगजीनभांठा में आयोजित भूमिपूजन लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान 65 लाख 62 हजार रूपये के विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन लोकार्पण किया गया, वहीं बालको जोनांतर्गत बालको जोन कार्यालय परिसर में 03 करोड़ 06 लाख रूपये की लागत वाले विकास कार्यो का लोकार्पण भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में दिए गए अपने उद्बोधन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत ने कहा कि निश्चित रूप से विगत पांच वर्षो के दौरान कोरबा में व्यापक पैमाने पर विकास कार्य किए गए हैं, जो अभी भी निरंतर जारी हैं, मुझे खुशी है कि निगम द्वारा आमनागरिकों को पेयजल, सड़क, नाली, पानी, बिजली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में वृहद स्तर पर कार्य किए गए, लोगों की बरसों की समस्याएं दूर की गई तथा उन्हें मूलभूत सुविधाएं सहज रूप में उपलब्ध कराई गई, जिसके लिए मैं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के साथ–साथ कोरबा विधायक व प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह

अग्रवाल को धन्यवाद देता हूॅं। उन्होने कहा कि मैं नगरवासियों को यह आश्वस्त करना चाहता हूॅं कि कोरबा के विकास की यह गति आगे भी निरंतर जारी रहेगी तथा जो भी विकास कार्य शेष होंगे उन्हें पूरा किया जाएगा। बालको में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ.महंत ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि बालको क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी बालको प्रबंधन की है, इसके बावजूद निगम द्वारा बालको क्षेत्र में बहुत बड़ी संख्या में विकास कार्य कराए गए हैं, जो निरंतर जारी हैं।

<u>अनेक बड़े निर्णयों के लिए जाना जाएगा यह कार्यकाल</u>– इस अवसर पर प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल का पिछला पांच वर्ष का कार्यकाल अनेक महत्वपूर्ण बड़े निर्णयों के लिए जाना जाएगा। उन्होने कहा कि इस दौरान लीज होल्ड आवासीय भवनों को फ्री होल्ड कर मालिकाना हक दिए जाने, सम्पत्तिकर को कम करके करदाताओं को राहत दिए जाने, नए ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण, खेल सुविधाओं की दिशा में उठाए गए अनेक महत्वपूर्ण कदम, कोरबा की सबसे बड़ी समस्या पानी की समस्या का सम्पूर्ण निदान, विद्युतविहीन बस्तियों, मार्गो में विद्युतीकरण कर सम्पूर्ण विद्युतीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने जैसे अनेक महत्वपूर्ण कार्य इस कार्यकाल में किए गए, जिसका सीधा लाभ आमनागरिकों को प्राप्त हुआ। इस कार्यकाल की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता रही कि मूलभूत सुविधाओं को केन्द्र में रखकर विकास कार्य कराए गए तथा इन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा गया। उन्होने कहा कि विकास की यह गति आगे भी जारी रहेगी तथा कोरबा एक समस्याविहीन शहर बनेगा।

<u>इन कार्यो का हुआ लोकार्पण</u>– इस अवसर पर जिन कार्यो का लोकार्पण किया गया, उनमें वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस के मैगजीनभांठा में 14 लाख 89 हजार रूपये की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस में पानी टंकी मैदान के पास 15 लाख 59 हजार रूपये की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 34 अंतर्गत बालको में 20 लाख 46 हजार रूपये की लागत से नवनिर्मित ग्रेवियार्ड, वार्ड क्र. 35 भदरापारा गायत्री मंदिर के समीप 04 लाख 64 हजार रूपये की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 36 में निगम कर्मचारियों के लिए 01 करोड़ 15 लाख रूपये की लागत से निर्मित आवासगृह, वार्ड क्र. 37 उपका मोहल्ला में 13 लाख 70 हजार रूपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 37 खचवा मोहल्ला में 14 लाख 92 हजार रूपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन आदि कार्य शामिल हैं।

<u>इन कार्यो का हुआ भूमिपूजन</u>– इस अवसर पर जिन कार्यो का भूमिपूजन किया गया, उनमें वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस में 09 लाख 47 हजार रूपये की लागत से प्राथमिक शाला भवन का निर्माण, वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस में 09 लाख 54 हजार रूपये की लागत से माध्यमिक शाला भवन का निर्माण, वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस पानी टंकी से उप स्वास्थ्य केन्द्र तुलसीनगर तक 12 लाख 24 हजार रूपये की लागत से सड़क लाईट प्रदाय स्थापना कार्य, वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस में 03 लाख 89 हजार रूपये की लागत से हाई मास्ट लाईट प्रदाय स्थापना कार्य, वार्ड क्र. 34 अमर सिंह होटल के समीप 33 लाख 58 हजार रूपये की लागत से सी.सी. रोड व आर .सी.सी.नाली निर्माण, वार्ड क्र. 40 नेहरूनगर में 36 लाख 26 हजार रूपये की लागत से सी.सी. रोड, आर.सी.सी.नाली निर्माण, वार्ड क्र. 40 नेहरूनगर में 12 लाख 64 हजार रूपये की लागत से निर्मित किए जाने वाले सामुदायिक भवन तथा बालको जोन के अंतर्गत विभिन्न वार्डो में 54 लाख 86 हजार रूपये की लागत से मरम्मत एवं संधारण मद के तहत कराए जाने वाले कार्य शामिल हैं।

भूमिपूजन लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान सभापति धुरपाल सिंह कंवर, अपर आयुक्त अशोक शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, एम.आई.सी.सदस्य दिनेश सोनी, रामगोपाल यादव, सीताराम चौहान, सुनील पटेल, देवीदयाल सोनी, इंदिरा कौशिक, पार्षद हितानंद अग्रवाल, महेन्द्र सिंह चौहान, कृपाराम साहू, संतोष कुर्रे, गीता महंत, पूर्व सभापति संतोष राठौर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुकेश राठौर, हरीश परसाई, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सपना चौहान, कुसुम द्विवेदी, अर्चना उपाध्याय, गीता गभेल, संगीता सक्सेना, शैलेष सोमवंशी, एस.मूर्ति, ममता अग्रवाल, दारा सिंह, यू.आर.महिलांगे, दुकालू श्रीवास, अनिवाश बंजारे आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।